दिनांक : 19.01.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए, प्रदेश के साढ़े 15 लाख से अधिक हितग्राही हुए लाभांवित।
2- प्रधानमंत्री आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण करेंगे, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी होंगे शामिल ।
4- बर्फीली हवाओं से ठिठुरा प्रदेश, मौसम विभाग ने स्कूलों में छुट्‌टी का दिया सुझाव।

--------------------------------

**प्रधानमंत्री-संपत्ति कार्ड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत कल संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी कहा कि पिछले सात से आठ वर्षों में देश में 98 प्रतिशत जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं।

श्री मोदी ने प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित किए। श्री मोदी ने सीहोर के मनोहर मेवाड़ा से बात की

--------------------------------

**एमपी - स्वामित्व योजना**

सिवनी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी भेदभाव

के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भूमि अधिकार नहीं बल्कि आत्म-सम्मान का अधिकार भी है, इससे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होंगे।

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर भी संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल हुए।

--------------------------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए.आई.आर. न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए. आई. आर. मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

--------------------------------

**मुंबई-अश्विनी वैष्णव**

केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का लक्ष्य प्रौद्योगिकी को देश के आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है, जबकि कुछ अन्य देशों में प्रौद्योगिकी पर एकाधिकार है। मुंबई में कल पैन-आई.आई.टी. वर्ल्ड ऑफ टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में बोलते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने पिछले दस वर्षों में विभिन्न प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में, भारत आने वाले वर्षों में दुनिया में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विशेषज्ञों से इस बदलाव में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य **'उत्पाद राष्ट्र'** बनना और दुनिया को किफायती उत्पाद उपलब्ध कराना है। भारत में इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार ने इस अवसर पर भारत को अगली वैश्विक शक्ति बताते हुए दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग और समर्थन के महत्व पर बल दिया।

-------------------------------

**केंद्र-किसान बैठक**

केंद्र 14 फरवरी को चंडीगढ़ में पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठक करेगा, जिसमें उनकी मांगों पर चर्चा की जाएगी। इस तरह आंदोलनकारी किसानों के साथ बातचीत फिर से शुरू करने को लेकर गतिरोध खत्म हो जाएगा। संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दल्लेवाल से मुलाकात के बाद ये सहमति बनी हैं।

प्रस्तावित बैठक की घोषणा के बाद, किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल, जिनका आमरण अनशन 54वें दिन में प्रवेश कर गया, चिकित्सा सहायता लेने के लिए सहमत हो गए है। आंदोलनकारी किसान फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

-------------------------------

**समर्थन मूल्य**

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 20 जनवरी से 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

-------------------------------

**फिट इंडिया क्लब**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 6 विभागीय खेल अधोसंरचनाओं का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा। यह देश का पहला फिट इंडिया क्लब है। इसमें व्यायाम, फिटनेस, खेल गतिविधियां एवं

स्वास्थ्य सहित पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम होंगे। वॉकिंग ट्रेक, योग एवं मेडिटेशन केन्द्र के साथ ओपन जिम, पारंपरिक खेल जोन, लाइब्रेरी एवं किड्स जोन का प्रावधान भी किया जा रहा है।

--------------------------------

**मौसम**

प्रदेश बर्फीली हवाओं से ठिठुर रहा है। आज सुबह 20 से ज्यादा जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने आज शाजापुर, सीहोर, रायसेन, रतलाम और सिंगरौली में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले कल प्रदेश के 23 जिलों में कोहरा रहा। ग्वालियर-चंबल में तो 50 मीटर दूर देखना भी मुश्किल था। प्रदेश में अगले 3 दिन कोहरे और कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने पहली बार स्कूलों में छुट्टी करने का सुझाव भी दिया है। वहीं, अस्पतालों में पर्याप्त इलाज और मजदूरों के रात और सुबह के समय काम करने पर रोक लगाने की बात भी कही है।

--------------------------------

**संक्षिप्त समाचार**

1- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल कल मंडला में संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने कहा कि स्वामित्व योजना से गांव आत्मनिर्भर बन रहे, लोगों को संपत्ति का मालिकाना हक मिल रहा है।
2- उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आज 11 बजे मंदसौर जिले के खानपुरा में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे।
3- खंडवा जिले में 14 से 24 जनवरी तक आनंद उत्सव के तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा कल स्टेडियम पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ
4- दमोह कलेक्टर ने सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल को 6 करोड़ से अधिक की राशि अभिभावकों को वापस करने के आदेश दिए हैं।

--------------------------------

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर**

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए, प्रदेश के साढ़े 15 लाख से अधिक हितग्राही हुए लाभांवित।

2- प्रधानमंत्री आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण करेंगे, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी होंगे शामिल ।
4- बर्फीली हवाओं से ठिठुरा प्रदेश, मौसम विभाग ने स्कूलों में छुट्‌टी का दिया सुझाव।

-------------------------------